सत्यमेव जयते

राजस्थान सरकार

ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग

(पंचायतीराज प्रारम्भिक शिक्षा)

क्रमांक एफ 915(8)पंराप्राशि/2012/पार्ट–3/29 जयपुर दिनांक :– 12/1/18

1. जिला परीक्षा नियत्रंक (जिला कलक्टर),
   हनुमानगढ़/श्रीगंगानगर
2. अति. परीक्षा नियत्रंक
   (मुख्य कार्यकारी अधिकारी),
   जिला परिषद, हनुमानगढ़/श्रीगंगानगर।

विषयः– तृतीय श्रेणी प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालय द्वितीय लेवल (कक्षा 6 से 8) पंजाबी विषय की पुनः परीक्षा के संबंध में आवश्यक व्यवस्थाऐं सुनिश्चित करने बाबत।

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि तृतीय श्रेणी प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालय भर्ती परीक्षा 2012 द्वितीय लेवल (कक्षा 6 से 8) पंजाबी विषय की पुनः परीक्षा के संबंध में दिनांक 08.12.2017 को आयोजित बैठक के कार्यवाही विवरण की प्रति संलग्न भिजवाई जा रही है।

उक्त बैठक में लिये गये निर्णय अनुसार 25 फरवरी 2018 को पंजाबी विषय की पुनः परीक्षा जिला परिषद, हनुमानगढ एवं श्रीगंगानगर द्वारा आयोजित की जायेगी। उक्त परीक्षा निर्धारित तिथि को प्रातः 11.00 बजे से अपराह्न 1.00 बजे तक संबंधित जिला मुख्यालय स्थित परीक्षा केन्द्रो पर आयोजित की जावेगी।

महाधिवक्ता राज0 उच्च न्यायालय की राय के अनुसार उक्त पुनः परीक्षा में वे अभ्यर्थी ही सम्मिलित होगे जो 02 जून 2012 को आयोजित परीक्षा में प्रविष्ट हुए थे, जिनके प्रवेश पत्र राजकॉम्प द्वारा ऑनलाईन जारी किये जायेगें। प्रवेश पत्र की उपलब्धता का समय एवं वेबसाईट का उल्लेख करते हुए आप द्वारा प्रेस–विज्ञप्ति भी प्रकाशित करनी होगी ताकि इस पुनः परीक्षा की व्यापक जानकारी अभ्यर्थियों को उपलब्ध हो सके। अतः 02 जून 2012 को आयोजित पंजाबी विषय की परीक्षा में प्रविष्ट हुए परीक्षार्थियों के उपस्थिति पत्रक के अनुसार कुल उपस्थिति के आधार पर जिला मुख्यालयों पर परीक्षा केन्द्र नियत किये जावे। उल्लेखनीय है कि तृतीय श्रेणी अध्यापक भर्ती परीक्षा 2012 की विज्ञप्ति के परिशिष्ठ (द) के अनुसार श्रीगंगानगर को जिला कोड 81 एवं हनुमानगढ़ को जिला कोड़ 65 आवंटित किया हुआ है। तदनुसार श्रीगंगानगर एवं हनुमानगढ द्वारा तय किये जाने वाले परीक्षा केन्द्र कोड क्रमशः 81/1, 81/2... एवं 65/1,65/2..... आंवटित किये जायेगें। अभ्यर्थियों के रोल नम्बर वही रहेंगे, जो 02 जून 2012 को आयोजित हुई परीक्षा के लिए आवंटित किय गये थे। पुनः परीक्षा के संबंध में परीक्षार्थियों, वीक्षको एवं केन्द्राधिक्षको के संबंध में अन्य दिशा–निर्देश पूर्वानुसार यथावत रहेगें।

उक्तानुसार 02 जून 2012 को परीक्षा में प्रविष्ट हुए परीक्षार्थियों के उपस्थित पत्रकों की सुपाठ्य प्रतियॉ एवं 25 फरवरी 2018 को आयोजित होने वाली पुनः परीक्षा के लिए नियत परीक्षा केन्द्रो की सूची मय परीक्षा केन्द्र कोड, केन्द्र की क्षमता एवं परीक्षा केन्द्र के पूर्ण पते की सूचना के विभाग को हस्ताक्षरयुक्त हार्डकॉपी एवं सॉफटकॉपी (Excel) में दिनांक 12.01.2018 तक अनिवार्य रूप से भिजवाना सुनिश्चित करें।

संलग्न–उपरोक्तानुसार।

(पुनम प्रसाद सागर)
संयुक्त शासन सचिव (प्रशिक्षण)

www.rajteachers.com